जग में पावन धाम साईं बाबा का

जग में पावन धाम साईं बाबा का
कितना प्यारा नाम साईं बाबा का
(1)
शिरडी से जो आए ये ही कहता है
शिरडी के कण-कण में साईं रहता है
बन जा तू भी गुलाम साईं बाबा का
जग में पावन धाम साईं बाबा का.....
(2)
दान दया की भिक्षा साईं देते हैं
ना भक्तों की साईं परीक्षा लेते हैं
ले ले तू इनआम साईं बाबा का
जग में पावन धाम साईं बाबा का.....
(3)
बाबा की राहों में मुख जो मोड़ेंगे
साथ ना उसका साईं बाबा छोड़ेंगे
तू भी दामन थाम साईं बाबा का
जग में पावन धाम साईं बाबा का......
(4)
सोनू दास को साईं तेरा सहारा है
सबका मालिक एक है तेरा इशारा है
ऐसा पाक पयाम साईं बाबा का
जग में पावन धाम साईं बाबा का......

लेखक : सोनू दास

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33846/title/jag-mein-pavan-dham-sai-baba-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |